नई दिल्ली, गुरुवार
13 अक्टूबर, 2022
नोएडा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 18+6=24
www.jagran.com

दैनिक जागरण

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

सहकारी चुनाव प्रक्रिया में होगा सुधार, पारदर्शिता के साथ बढ़ेगी जवाबदेही 15
विदेश मंत्री ने आस्ट्रेलिया में उठाया वीजा बैकलाग का मुद्दा 17

बालिका दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

जासं, ग्रेटर नोएडा : गौर इंटरनेशनल स्कूल में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। पूर्व मंत्री व सांसद डा .महेश शर्मा ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत स्कूल की ओर से किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा कर लाभार्थियों से वार्ता की। विधायक तेजपाल नागर ने छात्राओं के शैक्षणिक गतिविधियों से प्रभावित होकर कहा कि आज यहां जिस तरह से बालिकाओं ने अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया, वह उत्साहित कर रहा है। गौड़ ग्रुप आफ स्कूल की निदेशक मंजू गौड़ ने कहा कि हम बालिकाओं को निशुल्क शिक्षा देने में सबसे आगे हैं। विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे का उपयोग कर उन्हें वैश्विक मानकों के अनुरूप शिक्षा दे

गौर इंटरनेशनल स्कूल में सांसद डा. महेश शर्मा को पौधा भेंट करते गौर ग्रुप के सीएमडी मनोज गौड़ ● सौ. स्कूल प्रबंधन

रहे हैं। इस पहल के तहत समाज के कमजोर वर्ग की कुल 440 बालिकाओं को स्कूल में नामांकित किया गया है। डीआइओएस धर्मवीर सिंह, बीएसए ऐश्वर्या लक्ष्मी, क्षेत्रीय निदेशक अरविंद मिश्रा आदि मौजूद थे।